00–श्रीमती आरती जोशी (कापसे)–00

विगत 68 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत पश्चिम् निमाड़ जिले की सबसे प्राचीन परोपकारी संस्था शिक्षा प्रसारक समिति सेंधवा द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के उड़ान मैत्री मिलन (वार्षिकोत्सव) के कार्यक्रमों में अनुठी एवं अप्रतिम परम्परा का निर्वहन करने का प्रयास सत्र् 2022–23 के वार्षिकोत्सव में कर रही है, इस उड़ान मैत्री मिलन कार्यक्रम के तहत् समिति संस्था में पूर्व में अध्ययनरत् ऐसे छात्र/छात्राओं को आंमत्रित कर सम्मानित कर गौरव का अनुभव कर रही है जो आज अपनी योग्यता एवं कठिन परिश्रम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे– शिक्षा, चिकित्सा, वाणिज्य, तथा राजनीति आदि में उच्च पदों पर आसीन होकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे है समिति इन्हे अपने परिवार में उपस्थित होने पर गौरवान्वीत महसुस कर रही है।

उड़ान मैत्री मिलन 2022–23 के आज के उद्घाटन समारोह में संस्था से अध्ययनरत् दो सख्शीयत मंच पर आसीन है। इनके बारे में हम आपको बताना चाहेंगे कि –

श्रीमती आरती जोशी (कापसे) प्रधानाचार्या इंडो किड्स स्कूल, इन्दौर से पधारी है। इनका परिचय मैं इन शब्दों के साथ करना चाहूँगा/चाहूँगी कि –

जीवन की कला को अपने हाथों से साकार कर,
आपनी सभ्यता और संस्कृति का रूप निखारा हैं,
आरती जोशी बनकर शिक्षा का अलख जलाया है,
आपने संस्था में आकर हमारा गौरव बढ़ाया है।

श्रीमती आरती जोशी का जन्म एक मध्यमवर्गीय कापसे परिवार में सन् 1979 में हुआ आपने अपनी प्रारम्भिक एवं हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा प्रसारक समिति द्वारा संचालित नेहरू स्मृति उ.मा. वि. से ली । आपका शैक्षणिक स्तर पठनीय रहा आप अनेक गतिविधियों में सहभागी रही आपकी माताश्री ने भी इस संस्था में अनेक वर्षो तक एक शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएँ दी।

स्नातक शिक्षा लेने के बाद आपने सेंधवा की अनेक संस्थाओं में गणित शिक्षिका के रूप में कार्य किया।

विवाह के पश्चात् आप आरती कापसे से श्रीमती आरती जोशी बन गयी और उच्च शिक्षा की लालसा के कारण वैवाहिक जीवन में आपने एक मधुर सम्बन्ध स्थापित कर उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त की।

आपने अंग्रेजी साहित्य में डाक्टरेट **(P.Hd.)** की उपाधि प्राप्त की साथ ही इन्दौर की अनेक शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षिका के रूप में कार्य किया।

वर्तमान में आप इन्दौर में, इन्दौर पब्लिक स्कूल की एक इकाई इंडों किड्स स्कूल में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत् हैं।

आपने विद्यार्थी जीवन से ही कुशाग्र बुद्धि, अनुशासन प्रिय, नेतृत्व कौशल, विषय वस्तु का ज्ञान, समस्या समाधान की कुशलता, नम्रता जैसे अनेक गुण विद्यमान रहें जो आज नन्हें विद्यार्थियों में प्रफुल्लित हो रहे हैं।

आप मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की ज्ञाता होने के साथ–साथ एक वक्ता भी है। आपको साहित्यिक पुस्तकें पढ़ना और संगीत सुनने में अत्यधिक रूची है।

वर्तमान में आप अपनी संस्था में अत्यन्त कुशलता पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है। हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।